

आर्थिक तंगी से परेशान श्रीलंका इनदिनों गृहयुद्ध के सबसे बुरे दौर में गुजर रहा है। कोलंबो में हजारों प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़कर राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर कब्जा कर लिया है।

# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 207 दिनांक:10-07-2022 रविवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके डिप्टी देवेंद्र फडणवीस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मिले

## श्रीलंका में हजारों प्रदर्शनकारियों ने किया राष्ट्रपति भवन पर कब्जा, पीएम विक्रमसिंघे ने बुलाई आपात बैठक

राष्ट्रपति गोयबाया राजपक्षे परिवार सहित देश छोड़कर भागे

कोलंबो (ईएमएस)। आर्थिक तंगी से परेशान श्रीलंका इनदिनों गृहयुद्ध के सबसे बुरे दौर में गुजर रहा है। कोलंबो में हजारों प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़कर राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर कब्जा कर लिया है। 22 मिलियन की आबादी वाले राष्ट्र श्रीलंका में मौजूदा हालात का अंदाजा इस बात से लग सकता है, कि राष्ट्रपति गोयबाया राजपक्षे परिवार समेत राष्ट्रपति भवन छोड़ चुके हैं। उधर, कोलंबो में बढ़ते संकट के बीच प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने स्थिति पर चर्चा करने और त्वरित समाधान के लिए पार्टी नेताओं की आपात बैठक बुलाई है। उन्होंने स्पीकर से संसद को बुलाने का भी अनुरोध किया है।

सूत्र का कहना है कि स्थिति ठनियंत्रण से बाहर हो जाएगीठ की खुफिया रिपोर्ट के बाद गोटाबाया राजपक्षे को कल रात ही सेना मुख्यालय ले जाया गया था। श्रीलंका के संसद के सोलह सदस्यों पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) ने राष्ट्रपति से तत्काल इस्तीफा देने का अनुरोध किया है। श्रीलंकाई पीएम विक्रमसिंघे ने एक तत्काल कैबिनेट बैठक बुलाई है। श्रीलंका के झंडे और हेलमेट लिए हुए हजारों प्रदर्शनकारियों ने शनिवार की सुबह राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास को घेर लिया। यह घटना तब हुई जब पुलिस ने विपक्षी दलों, कार्यकर्ताओं और बार एसोसिएशन से कानूनी चुनौती के बाद कर्फ्यू का आदेश दिया था। पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं, लेकिन राष्ट्रपति आवास के आसपास से गुस्साई भीड़ को रोकने में नाकाम रही।

ईंधन की भारी कमी के बाद श्रीलंका में परिवहन सेवाएं ठप हो गई हैं। प्रदर्शनकारी देश के कई हिस्सों से बसों, ट्रेनों और ट्रकों में भरकर कोलंबो पहुंचने के लिए सरकार की आर्थिक बर्बादी से बचाने में विफलता का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है, 'देश की मौजूदा स्थिति के लिए सिर्फ राष्ट्रपति गोयबाया राजपक्षे ही जिम्मेदार हैं। उनसे बार-बार इस्तीफा देने का अनुरोध किया जा रहा है। वहां सिर्फ अपने फायदे के लिए सत्ता पर बने रहना चाहते हैं। हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाती।'

## भारी बारिश से देश के कई हिस्सों में तबाही मुंबई में रेड तो राजस्थान में ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। दक्षिण-पश्चिम मानसून के चलते देश के कई हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश हो रही है, जिससे लोगों का आम-जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक तरह जहां महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भारी बारिश का रेड अलर्ट घोषित है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज हल्की बारिश का अनुमान है। इसके अलावा कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान के अलावा अन्य इलाके भी इन दिनों मानसूनी बारिश का सामना कर रहे हैं। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बारिश को लेकर 24 घंटे का रेड अलर्ट घोषित है। राज्य के कई हिस्सों में आज हल्की से भारी बारिश हो सकती है। हालांकि, मुंबई में पिछले पांच दिनों की बारिश के बाद शुक्रवार को हल्की बारिश हुई। तटीय जिलों में भारी बारिश के कारण शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 मवेशियों की भी जान चली गई। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण फंसे हुए 254 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। राज्य में बारिश के कारण एक जून के बाद से अब तक 67 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल की बचाव टीमों ने पिछले 24 घंटों में 254 लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि बारिश के कारण 14 घर स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। एनडीआरएफ की 13 टीमों को तटीय महाराष्ट्र में तैनात किया गया है, जबकि कुछ टीमें पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा और कोल्हापुर जिलों में तैनात हैं जहां हाल में भीषण बाढ़ आई थी।

## देशभर में हाल की कुछ घटनाओं में भाजपा कार्यकर्ताओं के राष्ट्र-विरोधी लोगों के साथ संबंध क्यों मिले - कांग्रेस

तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रवक्ता दासोजू श्रवण ने भारतीय जनता पार्टी पर 'आतंकवादियों के साथ संबंध' रखने का आरोप लगाते हुए उसकी कड़ी आलोचना की। श्रवण ने जबाव मांगा कि देश भर में हाल की कुछ घटनाओं में उनके कार्यकर्ताओं के राष्ट्र-विरोधी लोगों के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध क्यों मिले हैं।

श्रवण ने एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा कि अगर देश की सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ता खुद ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं, तो देश की जनता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने वाला कौन है।

राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी की बर्बर हत्या सहित हाल के कई जघन्य अपराधों की ओर संकेत करते हुए, कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाओं के आरोपियों का भाजपा के साथ संबंध उजागर हो गया है, लेकिन पार्टी नेतृत्व चुप्पी साधे हुए है। श्रवण ने कहा, 'अगर एक सत्तारूढ़ पार्टी, वह भी एक स्वयंभू राष्ट्रवादी और देशभक्त पार्टी, आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी हुई है, तो हम सभी खतरे में हैं।।देश खतरे में है, लोग खतरे में हैं और हम सभी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम भाजपा से सीधे सवाल पूछें कि यह साठगांठ क्यों है।'

उन्होंने कहा, 'एक स्वयंभू देशभक्त पार्टी होने के नाते, भाजपा का आतंकवादियों के साथ गठजोड़ क्यों है और वह अपना मुंह क्यों नहीं खोलती है।'कांग्रेस आतंकवाद के मुद्दे पर भाजपा को घेरने के लिए शनिवार को देश के 22 शहरों में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि उदयपुर में एक दर्जी की जघन्य हत्या के दो आरोपियों में से एक भाजपा का सदस्य है तथा जम्मू-कश्मीर में हाल में गिरफ्तार एक आतंकवादी का संबंध भी भाजपा से है।

## अगर गांधी परिवार को सत्ता के लिए आतंकवादियों से हाथ मिलाना पड़े, तो वे परहेज नहीं करेगा - भाजपा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता पाने के लिए आतंकवादियों तक से हाथ मिला सकती है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के उस कथित बयान को रेखांकित किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली के बाटला हाउस में हुई मुठभेड़ की तस्वीरों को देखकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आंखों में आंसू आ गए थे।

उन्होंने गुजरात में नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान संदिग्ध आतंकवादी इशरत जहां की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद कांग्रेस द्वारा गुजरात सरकार पर किए गए हमलों का भी हवाला दिया। कुछ संगठनों ने वर्ष 2008 में बाटला हाउस हुए मुठभेड़ के फर्जी होने का आरोप लगाया था और कुछ कांग्रेस नेताओं ने भी उनके साथ पूरे मामले की जांच की मांग की थी। पात्रा ने रेखांकित किया कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने स्वीकार किया था कि इशरत जहां उससे जुड़ी हुई थी, लेकिन कांग्रेस उसे 'निर्दोष बता रही थी और मुठभेड़ में इशरत की मौत को लेकर राज्य सरकार को घेर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लश्कर के संस्थापक हाफिज सईद तक ने कांग्रेस को अच्छी पार्टी बताकर प्रशंसा की थी। पात्रा ने कहा, 'यह कांग्रेस का इतिहास है और वही पार्टी आतंकवाद के मुद्दे पर 22 स्थानों पर संवाददाता सम्मेलन करने की हिम्मत करती है।'

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनका राष्ट्रव्यापी संवाददाता सम्मेलन भाजपा के 'फर्जी राष्ट्रवाद'का मुकाबला करने और यह संदेश जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए है कि सत्तारूढ़ पार्टी का 'संबंध'ऐसे लोगों से है, जो जघन्य अपराधों और आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या में शामिल एक आरोपी रियाज अख्तरी भाजपा का सदस्य है। पार्टी ने राजस्थान में भाजपा नेताओं के साथ उसकी कथित तस्वीर भी साझा की है।

हालांकि, भाजपा ने ऐसे तत्वों से किसी तरह के संबध होने से इंकार किया है और दावा किया कि उनमें से कुछ लोगों ने पार्टी में घुसपैठ करने के बाद नेताओं के साथ तस्वीर खिंचवाई है। कांग्रेस ने दावा किया कि श्रीनगर के रियासी शहर में हाल में लोगों द्वारा पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी तालिब हुसैन शाह भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पदाधिकारी था। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश के भाजपा नेतृत्व ने इन आरोपों को खारिज किया है।विपक्षी पार्टी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पात्रा ने कहा कि तुष्टिकरण कांग्रेस का आधार है, जिसकी वजह से आतंकवाद का प्रसार हुआ। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 साल के शासन को पूरे देश में 'लगातार होने वाले आतंकवादी हमलों'के लिए जाना जाता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार ने आतंकवाद को नियंत्रित किया है।

भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के आतंकवादी यासिन मलिक को अब आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दोषी ठहराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संप्रग सरकार के दौरान यासिन मलिक को सम्मानित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी की तस्वीर विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के साथ है, जो भारत छोड़कर भाग चुका है और जिसने राजीव गांधी फाउंडेशन को दान दिया था। पात्रा ने कहा कि नाइक ने लोगों में राष्ट्र विरोधी भावना बढ़ाई और सांप्रदायिक विभाजन को उकसाया।

## रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर भड़के वरुण गांधी

पीलीभीत (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत (से बीजेपी के सांसद वरुण गांधी इन दिनों देश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम प्रोडक्ट के दामों को लेकर सरकार को घेरते नजर आ रहे हैं। बीते लंबे समय से वरुण गांधी को आम जनता के सवालों को उठाने और अपनी ही सरकार को घेरते देखा गया है। इसी क्रम में अब वह रसोई गैस के बढ़ते दामों से गरीब जनता की बदहाली को लेकर केंद्र सरकार से सवाल करते नजर आ रहे हैं। अपने नए ट्वीट में वरुण गांधी ने लिखा है 'कि 'चूल्हे पर लकड़िया, जल रही हैं और लाल सिलेंडर सजावट की वस्तु बना हुआ है, गैस की पासबुक के पन्नों में महीनों से कोई एंट्री नहीं चढ़ी है। ये उन लाखों महिलाओं का दर्द है जिन्हें हमने 'धुएं से आज़ादी' का सपना दिखाया था। यह वही महिलाएम हैं जिन्होंने हम पर सबसे अधिक भरोसा जताया था। दरअसल देश के कई गरीब परिवारों को केंद्र सरकार की ओर से उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन मुहैया कराए गए थे। लेकिन लगातार बढ़ रहे महंगाई और रसोई गैस के दाम के कारण अब उन्हीं सिलेंडरों को भरना गरीब इंसान की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। जिसे लेकर बीजेपी के सांसद वरुण गांधी ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाया है। हाल ही में वरूण गांधी ने इसे लेकर एक और ट्वीट किया था। जिस दौरान उन्होंने लिखा था कि 'घरेलू सिलेंडर अब 1050 रु में मिलेगा! जब देश में बेरोजगारी चरम पर है, तब भारतवासी पूरी दुनिया में सबसे महंगी एलपीजी खरीद रहे हैं। कनेक्शन कॉस्ट 1450 रु से बढ़ाकर 2200 रु, सिक्योरिटी 2900 से बढ़ाकर 4400, यहां तक की रेगुलेटर तक 100 रु महंगा हो गया है। गरीब की रसोई फिर धुएं से भरने लगी है।' बता दें कि बीजेपी के सांसद वरुण ई और रसोई गैस) के बढ़ते दामों के अलावा भी कई मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से रखते देखा गया है। इससे पहले वरुण गांधी ने सीमाओं पर अपनी जान हथेली पर रख उसकी रखवाली करने वाले बीएसएफ के जवानों का भी मुद्दा उठाया था। वहीं वह कृषि कानून और गन्ना मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर भी सरकार को घेरने का काम करते दिखाई दिए हैं।

## एलीना रिबाकीना विंबलडन की नई चैंपियन, खिताब जीतने वाली कजाखस्तान और एशिया की पहली खिलाड़ी

लंदन, कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना ने विंबलडन 2022 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में जेबओर को 3-6, 6-2, 6-2 से हरा दिया। यह रिबाकीना का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।

कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना ने विंबलडन 2022 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में ओंस जेबुअर को 3-6, 6-2, 6-2 से हरा दिया। यह रिबाकीना का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वहीं, ट्यूनीशिया की 27 वर्षीय जेबुअर अरब और अफ्रीकी देशों की पहली महिला बनीं, जिन्होंने फाइनल में जगह बनाई।

सोशल मीडिया पर रिबाकीना और जेबुअर, दोनों की खूब प्रशंसा की जा रही है। फाइनल में पहुंचने पर तीसरी वरीय जेबुअर ने कहा था कि वह कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहती हैं। ट्यूनीशिया अरब दुनिया और अफ्रीकी महाद्वीप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा था कि वह अपने देश से अधिक से अधिक खिलाड़ी देखना चाहती हैं।

17वीं वरीय कजाखस्तान की रिबाकीना ने एक घंटे 48 मिनट तक चले फाइनल में तीसरी वरीय ट्यूनीशिया की ओंस जेबुअर को पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए अगले दो सेटों में हराया। इसके साथ रिबाकीना विंबलडन का खिताब जीतने वाली कजाखस्तान और एशिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

मैच प्वाइंट जीतते ही रिबाकीना मुट्ठी बंद कर जीत का जश्न मनाने लगीं। 23 वर्षीय रिबाकीना ओपन एरा में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची थीं। वह अपने पहले ही फाइनल में खिताब जीत गईं। इसके साथ ही एलीना, पेत्रा क्वितोवा (2011 में 21 वर्ष की उम्र में) के बाद सबसे कम उम्र में विंबलडन की ट्रॉफी उठाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

रिबाकीना का यह करियर का तीसरा खिताब है। उन्होंने होबार्ट 2020 के बाद चार खिताबी मुकाबले गंवाए। वह टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक का मुकाबला हार गई थीं। वहीं ओंस जेबुअर भी पहली बार ही किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल पहुंची थीं।

ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोध में विंबलडन में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के खेलने पर प्रतिबंध लगा रखा था लेकिन महिला एकल का खिताब रूस की बेटी ने ही जीता है। दरअसल कजाखस्तान की ओर खेलने वाली एलीना रिबाकीना का जन्म 17 जून 1999 को रूस की राजधानी मॉस्को में हुआ। 2018 में एलीना ने रूस छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने कजाखस्तान की नागरिकता ले ली।

## असम बाढ़ : 30,000 से 60,000 लोग हैं, जो घर लौटने की स्थिति में नहीं : सीएम

अबतब 190 से ज्यादा लोग अपनी जान गवा चुके

गुवाहाटी (ईएमएस)। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, बाढ़ से अबतब 190 से ज्यादा लोग अपनी जान गवा चुके हैं। वहीं कुछ नए इलाके जलमग्न हो गए। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि 30,000 से 60,000 लोग हैं, जो बाढ़ से हुए नुकसान की वजह से अपने घरों को लौटने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने असम बाढ़ को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा, अभी तक आकलन चल रहा है, कि 30,000 से 60,000 लोग हैं, जो घर लौटने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने हमें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सरमा ने कहा कि इस बार राज्य में तुलनात्मक रूप से अधिक बारिश हुई है।

असम में लगातार बारिश से राज्य में भारी बाढ़ आ गई, जहां लाखों लोग प्रभावित हुए। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने कहा कि 14 जिलों के 620 गांव अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग 9 लाख लोग अभी भी पानी के प्रभाव का सामना कर रहे थे और 14,000 हेक्टेयर से अधिक फसल क्षेत्र पानी के नीचे था। पिछले 24 घंटों में, राज्य में बाढ़ के कारण तीन नई मौतें दर्ज की गईं। उस समय, बाढ़ ने असम में सड़कों, पुलों, तटबंधों और अन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। अधिकारी फिलहाल 14 जिलों में 173 राहत शिविर और वितरण केंद्र चला रहे हैं। जहां कुछ इलाकों में लोग अपने घरों को लौट रहे हैं, वहीं करीब 75,000 लोग अब भी इन राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

बक्सा, बारपेटा, विश्वनाथ, डिब्रूगढ़, होजई और कामरूप जिलों में भारी जल प्रवाह के कारण बड़ा कटाव देखा गया है। जब बाढ़ शुरू हुई, तो 31 जिलों में 40 लाख से अधिक लोग और 33 लाख से अधिक जानवर प्रभावित हुए थे। एएसडीएमए के बुलेटिन में कहा गया है कि 8,88,177 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि राज्य का कछार जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है क्योंकि यहां 5.63 लाख से अधिक लोग संकट में हैं। राज्य में 75,000 से अधिक लोगों ने 173 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि अन्य 19 राहत वितरण केंद्र भी चालू हैं।

## राजस्थान में बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने दिखाए तेवर, कहा राज्यसभा चुनाव के समय किए वादे पूरे करें

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान में बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों ने वादे पूरे नहीं होने पर नाराजगी जताई है। राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों को जो आश्वासन दिए गए थे वे पूरे नहीं होने से विधायकों में भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए मंत्री राजेंद्र गुढ़ा, संदीप यादव, लाखन मीणा, कांग्रेस विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा और गिर्राज सिंह मलिंगा ने अपनी मांगों को लेकर सरकार को अल्टीमेटम भेजा है।

इन मंत्रियों की मांग है कि कैबिनेट का जल्द से जल्द पुनर्गठन किया जाना चाहिए। बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों को सरकार बचाने पर किए गए वादे के अनुसार पद दिए जाएं। मंत्री राजेंद्र गुड्डा को वादे के मुताबिक वरिष्ठता के हिसाब से पद दिया जाए। संवैधानिक बोर्ड निगम के अध्यक्षों को दर्जा दिया जाए। वरिष्ठ विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा और गिर्राज सिंह मलिंगा को पद दिए जाएं। सभी विधायकों के क्षेत्र से जुड़े काम और अधिकारियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो।

बार-बार संकट के समय में इन विधायकों ने गहलोत सरकार का साथ दिया। धीरे-धीरे सरकार के साथ ही संगठन में भी इन विधायकों की चवन्नी चलने लगी और पार्टी भी संगठन से जुड़े कार्यों में इन विधायकों को आगे रखने लगी। ऐसे में इन क्षेत्रों से ताल्लुक रखने वाले मूल रुप से कांग्रेसी परेशान हैं। बार-बार ये कांग्रेसी नेता अपनी नाराजगी और पीड़ा जाहिर कर रहे हैं। इन कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार में भले ही इन विधायकों का साथ जरुरी हो लेकिन संगठन में तो मूल रुप से कांग्रेसियों को ही तवज्जो मिलनी चाहिए। दरअसल इन सीटों पर कांग्रेस के खुद के विधायक जीतकर नहीं आए हैं। बसपा से कांग्रेस से शामिल हुए विधायक इन सीटों पर चुनाव जीतकर आए। सरकार बनाने के साथ ही सरकार बचाने के लिए भी पार्टी को इन विधायकों के साथ की जरुरत पड़ी। ऐसे में सीएम गहलोत दुविधा की स्थिति में हैं।

## अगले आदेश तक पहलगाम-बालटाल मार्ग पर यात्रा रोकी, जम्मू से घाटी के लिए रवाना किया श्रद्धालुओं का जत्था

श्रीनगर (ईएमएस)। अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की घटना के बाद भी यात्रा मार्ग पर बारिश का सिलसिला जारी है। रात से लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाते हुए यात्रा प्रबंधन ने अगले आदेश तक बालटाल व पहलगाम दोनों ही मार्गों से यात्रा स्थगित रखने का ऐलान किया है। कश्मीर में यात्रा स्थगित कर दिए जाने के बाद भी जम्मू से पहलगाम से यात्रा पंजीकरण करवाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे को कश्मीर घाटी के लिए रवाना कर दिया गया। चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था जम्मू आधार शिविर भगवती नगर से रवाना किया गया है।

यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं के चेहरे पर खराब मौसम व एक रात पहले घटित हुई घटना का कोई खौफ नहीं दिख रहा था। श्रद्धालु भगवान शिव से यही प्रार्थना कर रहे थे कि वे अपने भक्तों की यात्रा सकुशल पूरी करे। किसी को कोई हानि नहीं पहुंचे। इस बीच श्रद्धालुओं ने इस घटना में मारे गए श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए बाबा बर्फानी से प्रार्थना की।

वहीं बालटाल में सोनमर्ग कैंप में रोके गए श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रबंधन ने फिलहाल यात्रा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। उन्हें भी यह हिदायत दी गई है कि वे अपने-अपने टैंटों में ही रहें। बताया जा रहा है कि अमरनाथ पवित्र गुफा पर अभी

## पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बहाने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर टीएमसी ने उठाए सवाल

कोलकाता (ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बहाने अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के मुखपत्र में प्रकाशित फ्रंट-पेज की स्टोरी में टीएमसी ने कहा कि आबे की हत्या एक पूर्व जापानी रक्षाकर्मियों ने की, जिन्हें पेंशन नहीं मिल रही थी।

टीएमसी ने जापानी समुद्री आत्मरक्षा बलों की तुलना अग्निपथ योजना से करते हुए आरोप लगाया गया कि मोदी सरकार युवाओं को अल्पावधि के लिए रक्षा बलों में नियुक्त करना चाहती है और उन्हें चार साल बाद पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के बिना हटा देना चाहती है। कनेक्शन इस तथ्य पर आधारित है कि शूटर रक्षा बलों में था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यामागामी ने तीन साल की सेवा के बाद अपनी नौकरी खो दी। वह बेरोजगार था और उसे कोई पेंशन नहीं मिल रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हत्यारे ने आबे को इसकारण निशाना बनाया क्योंकि वह बेरोजगार था।

इसके पहले कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने पूर्व पीएम पर हमला करने के लिए शूटर के मकसद और अग्निपथ योजना के बीच एक समान तुलना की थी। उन्होंने कहा था, शिंजो आबे को गोली मारने वाली यामागामी ने जापान के एसडीएफ यानी सेना में बिना पेंशन के काम किया थाठ

## अब जुबैर को 10 महीने पुराने मामले में लखीमपुर पुलिस ने जारी किया वारंट

लखनऊ (ईएमएस)। पत्रकार मोहम्मद जुबैर को देश की शीर्ष कोर्ट से भले ही सीतापुर में दर्ज मुकदमे में जमानत की राहत मिल गई हो लेकिन फिलहाल जुबैर के जेल से बाहर आने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश के लीखमपुर खीरी पुलिस ने मोहम्मद जुबैर को एक साल पहले 153 ए के तहत दर्ज मामले में वारंट बी तामील कराया है। एसीजेएम कोर्ट से जारी वारंट को मोहम्मदी पुलिस ने सीतापुर जिला कारागर पहुंच कर तामील कराया।

लखीमपुर खीरी कोर्ट ने जुबैर को 11 जुलाई को पेश होने के लिए तलब किया है। लखीमपुर खीरी मामला पिछले साल सितंबर में अदालत के निर्देश पर दायर किया गया था। लखीमपुर खीरी पुलिस ने एक स्थानीय अदालत का रुख किया, जुबैर के खिलाफ वारंट प्राप्त किया, और सीतापुर जिला जेल में वारंट की तामील की, जहां जुबैर बंद है।

पुलिस के मुताबिक आशीष कुमार कटियार नाम के शख्स ने जुबैर पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए ट्विटर पर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। तदनुसार, जुबैर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। जुबैर को दो दिन पहले दिल्ली से सीतापुर लाया गया था, जहां पिछले सप्ताह दर्ज एक अलग मामले में वह जेल में बंद था। दिल्ली पुलिस ने जुबैर को सीतापुर की एक स्थानीय अदालत में पेश किया, जिसने उसे सीतापुर मामले में छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## कसीनो पर जीएसटी लगाने जीओएम की बैठक 12 जुलाई को

- बैठक में करारोपण से संबंधित प्रक्रिया को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) की मंगलवार 12 जुलाई को होने वाली बैठक में इन गतिविधियों पर करारोपण से संबंधित प्रक्रिया को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था जीएसटी परिषद की ?पिछले महीने जून में हुई पिछली बैठक में इस मसले पर अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए जीओएम के सुपुर्द कर दिया गया था। जीओएम को 15 जून तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करने को कहा गया था। इस मंत्री समूह के सदस्य और उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यहां उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि जीओएम की इस मसले पर 12 जुलाई को बैठक होने वाली है। इसमें इन गतिविधियों पर कर लगाने से जुड़ी प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

जीओएम ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ सट्टेबाजी एवं जुआ की श्रेणी में आने वाली गतिविधियां हैं और इन पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाना चाहिए। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले जीओएम ने अपनी अनुशंसा में कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग में समूची राशि पर कर लगाया जाना चाहिए। इसमें गेम का हिस्सा बनने के लिए दिया जाने वाला प्रवेश शुल्क भी शामिल है। वहीं घुड़दौड़ के मामले में मंत्री समूह ने कहा है कि सट्टे के पूरे मूल्य पर शुल्क लगना चाहिए। इसी तरह कसीनो पर दी गई अपनी सिफारिश में समूह ने कहा है कि दांव लगाने के लिए कसीनो से खरीदे गए चिप के पूरे अंकित मूल्य पर जीएसटी लगाया जाए। लेकिन सट्टेबाजी के हरेक दौर में लगाए गए सट्टे की कीमत पर अलग से जीएसटी नहीं लगेगा। जीओएम की रिपोर्ट पर जीएसटी परिषद में विचार किए जाते समय गोवा के उद्योग मंत्री मॉविन गोडिन्हो ने कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग एवं घुड़दौड़ की तुलना में कसीनो पर शुल्क लगाने की अलग व्यवस्था की जरूरत पर विस्तार से चर्चा की जानी चाहिए। उसके बाद जीओएम को 15 जुलाई तक अपनी अंतिम रिपोर्ट देने को कहा गया।

## अमित शाह के बाद पीएम मोदी और जेपी नड्डा से मिलेंगे शिंदे फडणवीस

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके डिप्टी देवेंद्र फडणवीस धानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मिलने वाले हैं। कैबिनेट विस्तार से पहले दोनों का दिल्ली दौरा काफी अहम जा रहा है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। मिल रही जानकारी के मुताबिक, दोनों नेता आज ही राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से भी शिष्टाचार मुलाकात कर सकते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार की रात गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। समझा जाता है कि उन्होंने भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट के बीच पावर शेयरिंग के फार्मूले की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा की। अमित शाह ने ट्विटर पर कहा, ठमुझे विश्वास है कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आप दोनों ईमानदारी से लोगों की सेवा करेंगे और महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगेठ आपको बता दें कि 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट द्वारा एकनाथ शिंदे और 15 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका पर महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है। कहा जा रहा है कि इसके बाद ही नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में मीडिया से कहा, ठहमें न्यायपालिका में भरोसा हैठ उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाले समूह को शिवसेना के दो-तिहाई विधायकों का समर्थन प्राप्त है। एकनाथ शिंदे के विद्रोह से शुरू हुए विभाजन से पहले शिवसेना के पास 55 विधायक थे। शिवसेना के लगभग 40 विधायकों ने शिंदे का समर्थन किया। जिन्हें निर्दलीय और छोटे संगठनों के विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। उन्होंने नवनिर्वाचित स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, ठअध्यक्ष ने हमें मान्यता भी दी हैठ एकनाथ शिंदे ने 30 जून को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत की थी। शिवसेना से विधायकों के एक बड़े हिस्से के साथ चलकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। 'हेंज;एकनाथ शिंदे ने 4 जुलाई को महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया।

## जन हितैषी

# अमेरिका में नस्लवाद

अमेरिका के मिनेपोलिस में एक श्वेत पुलिसकर्मी डेरेक शॉविन द्वारा एक अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या किए जाने के बाद जिस तरह का गुस्सा दुनियाभर में दिखा था और अमेरिका ने जिस बदलाव का दम भरा था, लगता है कि अब उसकी हवा निकल गई है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका में ओहायो के एक्रोन शहर में 27 जून को पुलिस वालों मे एक अश्वेत व्यक्ति पर गोलियां बरसा दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मरने वाले का नाम जेलैंड वॉकर है। वह ट्रैफिक रूल्स फॉलो नहीं कर रहा था। पुलिस के रोकने बाद भी उसने भागने की कोशिश की। एक्रोन पुलिस चीफ ने कहा-पुलिस अधिकारियों ने जेलैंड वॉकर को गाड़ी से बाहर आने के लिए कहा था। वह नहीं माना। उसे खींचकर बाहर निकाला गया, लेकिन फिर भी वह भागने की कोशिश कर रहा था। उसका पीछा किया गया इसके बाद अफसरों ने उस पर 60 बार फायर किया। उसके पास हथियार नहीं थे। इस दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल, एक सभ्य और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के दावे के बीच अमेरिका में नस्लीय श्रेष्ठता के मनुष्य विरोधी सिद्धांत में विश्वास रखने वाले कुछ नव-नाजी समूहों ने अपना कुत्सित प्रचार अभियान जारी रखा हुआ है। लेकिन यह भी सच है कि अमेरिका में ऐसे नव-नाजी समूहों के बरक्स श्वेत समुदाय का बड़ा हिस्सा श्वेत-श्रेष्ठता में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है। अमेरिका में लोकतंत्र की लंबी परंपरा के अक्सर किए जाने वाले दावों के बीच आज भी अगर किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए यातना से गुजरना पड़ता है या उसकी हत्या भी कर दी जाती है कि वह अश्वेत है, तो यह वहां के मानवाधिकारों और समानता आधारित समाज के दावों पर एक गंभीर सवालिया निशान है। इससे पहले अमेरिका के मिनेपोलिस में एक श्वेत पुलिसकर्मी डेरेक शॉविन ने एक अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड को जमीन पर गिरा कर उसकी गर्दन को तब तक अपने घुटने से दबाए रखा, जब तक कि उनकी सांस नहीं टूट गई। विडंबना यह है कि इस घटना के त्रासद और शर्मनाक संदर्भों को समझ कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यायपूर्ण रुख अख्तियार करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने उल्टे भड़काने वाले बयान देकर हालात को और बिगाड़ने में ही अपनी 'बहादुरी समझी! एक राष्ट्र के सर्वेसर्वा होने का दावा करने वाले व्यक्ति के नाते ट्रंप के इस रवैये को बेहद अफसोसनाक कहा जा सकता है। अमेरिका में नस्लीय हिंसा की यह कोई अकेली घटना नहीं है। हर कुछ समय के अंतराल पर वहां किसी अश्वेत की नाहक ही हत्या कर देने या फिर भेदभाव की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि 21वीं सदी का सफर तय करते अमेरिकी समाज और सत्ता ने कैसी जमीनी तस्वीर बनाई है कि वहां आज भी नस्ल के आधार पर किसी व्यक्ति या समुदाय के खिलाफ ऐसे आपराधिक बर्ताव की घटनाएं सामने आती रहती हैं। क्या इस घटना के पीछे अमेरिका में 'श्वेत श्रेष्ठता के अमानवीय सिद्धांत में विश्वास करने वाले कुछ नव-नाजी समूहों के अभियान से उपजी कुंठा एक मुख्य कारण नहीं है? दरअसल, एक सभ्य और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के दावे के बीच अमेरिका में नस्लीय श्रेष्ठता के मनुष्य विरोधी सिद्धांत में विश्वास रखने वाले कुछ नव-नाजी समूहों ने अपना कुत्सित प्रचार अभियान जारी रखा हुआ है। लेकिन यह भी सच है कि अमेरिका में ऐसे नव-नाजी समूहों के बरक्स श्वेत समुदाय का बड़ा हिस्सा श्वेत-श्रेष्ठता में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है।

# ईद-उल-अज़हा ( बकरा ईद )

( 10 जुलाई ) इस साल भारत में बकरीद 10 जुलाई 2022, दिन रविवार को मनाए जाने की संभावना है। बकरीद की तारीख चांद के दिखने पर निर्धारित होता है। इस त्योहार को कुर्बानी के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन बकरे की कुर्बानी दी जाती है.

मुस्लिम समाज के लिए यह दिन बहुत पवित्र माना जाता हैं ,त्यौहार के रूप में मनाया जाता हैं पर इस दिन ख़ुशी के लिए निरीह बकरों की बलि दी जाना यह धार्मिक मान्यता के आधार पर होती हैं पर जीव हिंसा ,हिंसा ही मानी जाती हैं .इसके लिए यदि वे जीव हिंसा न कर दूध या खोआ की मिठाई बांटे और खाये .जीव् हिंसा किसी भी धरम में मान्य नहीं हैं .इस पर समाज को चिंतन कर सुधार की अपेक्षा हैं जो स्वीकार्य होना चाहिए .

पवित्र माह रमजान के करीब 70 दिन बाद कुर्बानी का त्यौहार बकरा ईद आता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 12वें महीने की 10 तारीख को बकरीद या ईद-उल-जुहा मनाई जाती है।

बकरा ईद का धार्मिक महत्व-

इस्लाम मजहब की मान्यताओं के अनुसार, कहा जाता है कि पैगंबर हजरत इब्राहिम से ही कुर्बानी देने की प्रथा शुरू हुई थी. कहा जाता है कि अल्लाह ने एक बार पैगंबर इब्राहिम से कहा था कि वह अपने प्यार और विश्वास को साबित करने के लिए सबसे प्यारी चीज का त्याग करें और इसलिए पैगंबर इब्राहिम ने अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने का फैसला किया था।

कहते हैं कि जब पैगंबर इब्राहिम अपने बेटे को मारने वाले थे। उसी वक्त अल्लाह ने अपने दूत को भेजकर बेटे को एक बकरे से बदल दिया था। तभी से बकरा ईद अल्लाह में पैगंबर इब्राहिम के विश्वास को याद करने के लिए मनाई जाती है। इस त्योहार को नर बकरे की कुर्बानी देकर मनाते हैं। इसे तीन भागों में बांटा जाता है, पहला भाग रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों को दिया जाता है। दूसरा हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों और तीसरा परिवार के लिए होता है।

इस तरह उनके बेटे अल्लाह की राह में कुर्बान होने को राज़ी हो गए. और जैसे ही उन्होंने अपने बेटे की गर्दन पर छुरी रखी, तो अल्लाह के हुक्म से उनके बेटे की जगह भेड़ जिबह हो गया. इससे पता चलता है कि हज़रत इब्राहिम ने अपने बेटे की मुहब्बत से भी बढ़ कर अपने रब की मुहब्बत को अहमियत दी. तब से ही अल्लाह की राह में कुर्बानी करने का सिलसिला चला आ रहा है.

इस दिन बकरे की क़ुर्बानी दिए जाने को इस्लाम धर्म में बलिदान का प्रतीक माना गया है। पूरे विश्व में मुस्लिम अथवा इस्लाम धर्म के लोग इस महीने में मक्का,सऊदी अरब में एकत्रित होते हैं तथा हज मनाते है इसीलिए इसे ईद-उल-अज़हा कहा जाता है जो इसी दिन मनाई जाती है।

वास्तव में यह हज की एक अंशीय अदायगी और मुसलमानों के भाव का दिन है। दुनिया भर में सभी मुस्लिम धर्म के लोगों का एक समूह मक्का में हज करता है तथा नमाज़ अदा करता है। उन दिनों हज की यात्रा पर अनेकों मुस्लिम जाति के लोग सऊदी अरब जाते हैं और हज में शामिल होते हैं। इस्लाम धर्म में इस यात्रा को भी विशेष महत्व दिया जाता है। जो भी व्यक्ति इस यात्रा को कर पाते हैं वो अल्लाह को शुक्राना अदा करते हैं और उनको उच्च दर्जा प्राप्त होता है। इस प्रकार से इस्लाम धर्म में इस त्यौहार को मनाया जाता है।

चुपके से चाँद की रौशनी छू जाए आपको,
धीरे से ये हवा कुछ कह जाए आपको,
दिल से जो चाहते हो मांग लो खुदा से,
हम दुआ करते है मिल जाए वो आपको।
जिंदगी का हर पल खुशियों से कम न हो,
आपका हर दिन ईद के दिन से कम न हो।
बस एक तमन्ना हैं हमारी इस दिन
किसी बेजुबान निरीह की बलि न दी जाए
हिंसा से न किसी को शुकून मिला हैं और न मिलेगा
बकरे की जगह अपनी औलाद को तो रखकर देखो ।

( लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन /ईएमएस )

# 105 साल बाद रूसी क्रांति जैसे हालात श्रीलंका में

श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में लाखों प्रदर्शनकारी पिछले 2 दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। वह राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से इस्तीफा देकर घर वापस जाने की मांग कर रहे थे। सेना और पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों के ऊपर बल प्रयोग करने के बाद जनता भड़क गई। राष्ट्रपति भवन का गेट तोड़कर भीड़ राष्ट्रपति भवन में घुस गई। क्रिकेटर सनथ जयसूर्या भी प्रदर्शनकारियों में शामिल है। प्रदर्शनकारियों के राष्ट्रपति भवन में घुसने के बाद राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे श्रीलंका से फरार हो गए हैं। ऐसी खबरें मिल रही हैं।

आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका की 60 लाख से अधिक आबादी खाद्यान्न,गैस, पेट्रोल, डीजल, दूध इत्यादि की कमी से पिछले कई दिनों से जूझ रही है। श्रीलंका में पिछले कुछ माह में खाद्यान्न, पेट्रोल, डीजल, गैस,दूध की आसमान छूती कीमतों से श्रीलंका की जनता बेहाल हो गई है। बेरोजगारी और महंगाई के इस खौफनाक मंजर के बीच बेहाल जनता का गुस्सा पागलपन की सीमा तक पहुंच गया है। इस गुस्से की सबसे बड़ी वजह नवजात शिशु और बच्चों को दूध और भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। श्रीलंका की जनता को आसानी से एक समय का भोजन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पेट्रोल गैस नहीं मिलने से लोगों के रोजगार और खाना बनाने में परेशानी के साथ-साथ उनकी आमदनी का जरिया भी खत्म हो गया है। श्रीलंका की सरकार ने मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दरों को 15 फ़ीसदी के स्तर पर ले जाया गया है। उसके बाद भी महंगाई में कोई कमी नहीं आई। उल्टे बाजार से खाने पीने की चीजें गायब हो गई हैं। पेट्रोल, गैस और डीजल ब्लैक में ऊंचे दामों में लोंगो को खरीदना पड़ रहा है। कई दिनों से श्रीलंका के पेट्रोल पंप बंद पड़े हैं। कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार पेट्रोल एवं डीजल के इंतजार में लाइनों में खड़ी है।

श्रीलंका सरकार को विदेशी मुद्रा और विदेशी कर्ज नहीं मिल पाने से श्रीलंका की आर्थिक स्थिति बद से बदतर स्थिति पर पहुंच गई है। ईंधन, रसोई गैस, दवाइयां इत्यादि के लिए मारामारी मची हुई है। जिसके कारण जनता अब सड़कों पर आकर किसी भी तरह अपनी भूख और परिवार को सुरक्षित रखने के लिए अंतिम लड़ाई लड़ रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री महेंद्र राजपक्षे ने श्रीलंका की जनता को सपनों की दुनिया में पहुंचा दिया था।श्रीलंका की जनता से अच्छे दिनों का वायदा किया था। अच्छे दिन तो आए नहीं, उल्टे 1948 के बाद सबसे बुरे दिन श्रीलंका की जनता को देखने पड़ रहे हैं। बड़े-बड़े और अच्छे-अच्छे सपने दिखाकर राजपक्षे परिवार ने पिछले वर्षों में श्रीलंका को कर्ज के बोझ से दवा दिया। जिसके कारण जनता नाराज होकर हिंसक हो गई है।

रूस की जार क्रांति का जो द्रश्य 105 वर्ष पूर्व रूस में देखने को मिला था। रूस की भूखी प्यासी जनता 1917 में जार के महल में घुसकर राज परिवार को पूरी तरह समाप्त कर दिया था। ठीक यही स्थिति अब श्रीलंका में देखने को मिल रही है। पिछले वर्षों में श्रीलंका की शासन व्यवस्था राजपक्षे परिवार के हाथों में थी। उन्होंने सत्ता में आने और बने रहने के लिए जनता को अच्छे दिनों का सपना दिखाया। अब उसकी वास्तविकता सामने आने के बाद श्रीलंका में राजपक्षे परिवार के खिलाफ जबरदस्त विद्रोह शुरू हो गया है।

श्रीलंका की स्वतंत्रता के 74 वर्ष बाद श्रीलंका आर्थिक संकट के सबसे बड़े दौर से गुजर रहा है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे ने श्रीलंका की जनता को अच्छे दिनों का वायदा कर श्रीलंका को कर्ज के बोझ से दबा दिया है। कर्ज लेकर राजपक्षे परिवार ने भारी भ्रष्टाचार किया। जिसकी 1-1 परतें खुल कर सामने आने लगी हैं।सत्ता में बने रहने के लिए राजपक्षे कबीले के पितामह महिंद्रा राजपक्षे और उनके परिवार के लोगों ने भारी भ्रष्टाचार कर अपनी निजी हैसियत और तिजोड़ियों को भरने का कोई मौका नहीं छोड़ा। राजपक्षे परिवार की विदेशों में भारी धन जमा करने का भी खुलासा हुआ है राजपक्षे परिवार ने सत्ता में रहते हुए सत्ता का दुरुपयोग अपने परिवार के लिए किया। अब श्रीलंका को दुनिया का कोई भी देश कर्ज देने के लिए तैयार नहीं है। विदेशी मुद्रा नहीं होने के कारण जरूरी चीजों का श्रीलंका आयात नहीं कर पा रहा है।श्रीलंका में खाद्यान्न, पेट्रोल, गैस, दवाइयों इत्यादि की भारी कमी हो गई है। आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। मनमाने दामों पर जरूरी चीजें श्रीलंका में बिक रही है। इससे आम जनता को 1 टाइम का भोजन भी मुहैया नहीं हो पा रहा है। भूख से बेहाल श्रीलंका की जनता अब सड़कों पर उतर कर जीवन को बचाए रखने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रही है।

पिछले वर्षों में चीन ने श्रीलंका को भारी कर्ज दिया। श्रीलंका के महत्वपूर्ण स्थानों पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस बुरे दौर में चीन की सरकार श्रीलंका की कोई मदद नहीं कर रहा है। श्रीलंका में जिस तरह से अफरातफरी की स्थिति बनी हुई है। इसका सबसे ज्यादा बुरा असर भारत पर पड़ने वाला है। चीन से सीमाओं पर पहले ही भारत को चुनौती मिल रही हैं। अब श्रीलंका के माध्यम से भी भारत को चीन की नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैश्विक व्यापार संधि और कर्ज लेकर विकास करो के वैश्विक नारे की वास्तविकता अब सारी दुनिया में देखने को मिल रही है। विकासशील राष्ट्र एवं विकसित राष्ट्र भी आर्थिक संकट और आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। कर्ज लेकर भौतिक आवश्यकताओं को बढ़ाकर ऐश करने के दुष्परिणाम अब सारी दुनिया के सामने हैं। सपनों की दुनिया से बाहर निकल कर समय रहते जो देश इस वास्तविकता को समझ लेंगे। वह आर्थिक संकट, महंगाई, आर्थिक मंदी और बेरोजगारी के संकट से कम प्रभावित होंगे। पिछले 20 वर्षों में दुनिया के लगभग सभी देशों में कर्ज के बोझ से दबकर जनता कराह रही हैं। दुनिया के सभी देशों के नागरिकों ने पिछले 20 वर्षों में कर्ज लेकर भौतिक आवश्यकताओं को बढ़ाकर स्वयं को कर्जदार बना लिया है। ऐसी स्थिति में खर्च को कम करके, और आय को बढ़ाकर ही इस समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

( सनत कुमार जैन ) ( ईएमएस )

## 'गलाकाट' प्रचलन साम्प्रदायिक व धार्मिक उन्माद के पीछे कौन....?

भारत में पिछले कुछ महिनों से हर कहीं से धार्मिक व साम्प्रदायिक उन्माद की खबरें आ रही है और यह उन्माद 'गलाकाट' की सीमा तक पहुंच गया है, आखिर देश में ऐसा आत्मघाती माहौल क्यों बन रहा है और इस उन्माद के पीछे कौन सी विघटनकारी ताकतें है? आज देश का हर शांतिप्रिय नागरिक यह जानने को बैचेन है और केन्द्र तथा राज्यों की सरकार न अब तक न इन्हें रोकने की कोशिशें की और न ही इस माहौल के दोषियों को खाजकर उन्हें दण्डित करने का प्रयास ही किया? इन घटनाओं को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है, हर शख्स अपने आपको असुरक्षित समझने लगा है, इस हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के लिए कतिपय देशद्रोही तत्वों का हाथ है, जो ऐसा माहौल पैदा कर अपनी स्वार्थ सिद्धी चाहते है।

यह उन्माद देश के हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही तबकों के दिल-दिमाग में एक अजीब भय व बदले की भावना पैदा कर रहा है और इसके लिए कभी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को दोषी ठहराया जाता है तो कभी कनाड़ा के आगाखान संग्रहालय में प्रदर्शित हिन्दूओं की आराध्या माँ काली के उस पोस्टर को जिसमें माँ काली को माँस खाते हुए दिखाया गया है, इसी पोस्टर के आधार पर पश्चिम बंगाल की तृणमूल सांसद महुआ मोईया ने आपत्तीजनक बयान दिया, जिससे पूरे देश में खलबली मच गई, यद्यपि कनाड़ा के उक्त आगाखान संग्रहालय ने उक्त विवादित पोस्टर हटाकर भारत के हिन्दू वर्ग से माफी मांग ली, किंतु कनाड़ा की फिल्म निर्माता लीना मिणामेकलाई का क्या, जिसने इसी पोस्टर को प्रमुखता के साथ अपनी फिल्म 'काली' में दिखाया है।

अब देश में अनेक स्थानों पर तृणमूल सांसद महुआ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, जिसमें भोपाल भी शामिल है, किंतु इतना सब होने के बाद भी महुआ जी न तो खेद व्यक्त करने को तैयार है और न अपना बयान वयान वापस लेने को, वे अपने बयान पर अभी भी कायम है।

यह तो हुआ ताजा मामले का जिक्र। इसके पहले भी नूपुर शर्मा के मोहम्मद पैगम्बर साहब के खिलाफ दिए गए बयान ने पूरे देश में जबरदस्त साम्प्रदायिक माहौल पैदा किया, जिसके फलस्वरूप उदयपुर ( राजस्थान ) तथा अन्य स्थानों पर 'गलाकाट' घटनाएं हुई, स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने भी नूपुर शर्मा के खिलाफ काफी सख्त टिप्पणियां की, जिसकी देश के 15 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों तथा 77 नौकरशाहों ने तीखी आलोचना कर सर्वोच्च न्यायालय को आरोपों के कटघरें में खड़े करने का प्रयास किया सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को देश में साम्प्रदायिक माहौल खराब करने का दोषी ठकराया था।

....और अब सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि देश में भयावह साम्प्रदायिक माहौल तैयार करने के प्रयासों में दोनों वर्गों के कुछ लोग जुटै है और हिन्दू देवी देवताओं को इसका माध्यम बनाया जा रहा है। इस डरावने माहौल में सबसे अधिक भय व चिंता की बात यह है कि जिस केन्द्र व राज्यों की सरकारों पर इस माहौल पर नियंत्रण लगाने का दायित्व है, उन्होंने चुप्पी साध रखी है, वे न दोषियों को दण्डित करने का प्रयास कर रही है और न इस माहौल को रोकने की।

शायद इन सरकारों का इसके पीछे उद्देश्य यह है कि पूरा देश इस माहौल से जूझता रहे और सरकारों की कमियों, भ्रष्टाचारों या अन्य राजनीतिक कृत्यों की ओर ध्यान देने की आम जनता को फुरसत न मिले? किंतु इस माहौल से देश की शांति व सुरक्षा के लिए कितना खतरा पैदा हो रहा है, इसकी चिंता न सरकारों को है और न ही देश के राजनीतिक कर्णधारों को? ऐसे में इस देश का भविष्य क्या होगा? नई युवा पीढ़ी कौन सा पाठ पढ़ेगी? इसकी चिंता देशवासियों को छोड़ किसी को भी नहीं है? (लेखक-ओमप्रकाश मेहता/ ईएमएस)


# भारतमित्र शिंजो एबे

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो एबे की हत्या पर संसार के नेताओं ने जैसी मार्मिक प्रतिक्रियाएं की हैं, वैसी कम ही की जाती हैं। भारत ने तो शनिवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया है। अब तक कई विदेशी राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों की हत्या की खबरें आती रही हैं लेकिन एबे की हत्या पर भारत की प्रतिक्रिया असाधारण है। इसके कई कारण हैं। एबे ऐसे पहले जापानी प्रधानमंत्री हैं, जो भारत चार बार आए हैं। उनके दादा प्रधानमंत्री नोबुशुके किशी 1957 में प्रधानमंत्री नेहरु के निमंत्रण पर भारत आए थे। एबे ने ही पहली बार सुदूर पूर्व या पूर्व एशिया क्षेत्र को भारत-प्रशांत क्षेत्र कहा था। यह बात उन्होंने अपनी 2007 की भारत-यात्रा के दौरान हमारी संसद में भाषण देते हुए कही थी। जब वे दुबारा प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने ही पहल करके इस नई और मौलिक धारणा को अमली जामा पहनाया। अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया का जो चौगुटा बना है, वह उन्हीं की देन है। भारत और जापान के व्यापारिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंध जितने प्रगाढ़ एबे के शासन-काल में बने हैं, पहले कभी नहीं बने। भारत और जापान के रिश्ते कभी तनावपूर्ण नहीं रहे लेकिन घनिष्ठता के बीच एक दीवार थी, उसको पोला करने का श्रेय एबे और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को भी है। शीतयुद्ध काल के दौरान जापान तो अमेरिकी गुट का सक्रिय सदस्य रहा है और भारत को सोवियत गुट का अनौपचारिक साथी माना जाता था। इस संकरी गली से हमारे द्विपक्षीय संबंधों को शिंजो एबे ने ही बाहर निकाला। जापान के साथ भारत के संबंध घनिष्ट होते जा रहे हैं। जापानी कंपनियों का भारत में निवेश तीव्र गति से बढ़ रहा है। जापान की मदद से ही भारत की सबसे तेज चलनेवाली रेल बन रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एबे के बीच व्यक्तिगत संबंध इतने आत्मीय हो गए थे कि दोनों एक-दूसरे के देशों और शहरों में भी कई बार आए और गए। यों भी एबे जापानी प्रधानमंत्रियों में अभूतपूर्व और विलक्षण थे। उनके दादा प्रधानमंत्री थे तो उनके पिता विदेश मंत्री रहे हैं। वे स्वयं दो बार प्रधानमंत्री चुने गए। उन्होंने पहली बार 2006 से 2007 तक और दूसरी बार 2012 से 2020 तक प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया था। इतने लंबे समय तक कोई जापानी नेता इस पद पर नहीं रह सका। उनका सबसे बड़ा योगदान जापान को सच्चा स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनाने की इच्छा में था। द्वितीय महायुद्ध की ज्यादतियों के कारण जापानी संविधान पर मित्र-राष्ट्रों ने जो सैन्य-बंधन लगाए थे, उन्हें तुड़वाने की सबसे ताकतवर गुहार एबे ने ही लगाई थी। इस काम में उन्हें पूरी सफलता नहीं मिल पाई लेकिन अन्य राष्ट्रों के साथ सैन्य-सहयोग के कई नए आयाम उन्होंने पहली बार खोल दिए। वे 1904 में बिगड़े जापान-रूसी संबंधों को भी सुधारना चाहते थे। उन्होंने चीन की आक्रामकता के विरुद्ध जबर्दस्त मोर्चेबंदी की लेकिन उसके साथ ही वे चीन और जापान के आपसी संबंधों को मर्यादित बनाए रखने में सफल रहे। ऐसे भारत के परम मित्र को हार्दिक श्रद्धांजलि! ( लेखक - डॉ. वेदप्रताप वैदिक/ ईएमएस )

## आज का इतिहास 10जुलाई

1559 स्काऊट्स की रानी मेरी इंग्लैंड की रानी बनी.
1584 इंग्लैंड पर स्पेनी हमले की साजिश करने वाले फ्रांसिस थारामार्टिन को मौत के घाट उतार दिया गया.
1609 जर्मन राजकुमारी ने प्रोटेस्टैन्ट यूनियन के जवाब में कैथोलिक लीग की स्थापना की.
1645 ओलिवर क्रामवेल की फौजों को राजशाही समर्थकों को लैंगपोर्ट में शिकस्त दी.
1810 ब्रिटिश फौजों ने मारीशस पर कब्जा किया.
1871 फ्रांसिसी लेखक मार्शल प्राउस्ट का जन्म हुआ.
1896 फ्रांसिसी सैनिकों ने फशोदा (सूडान) पर कब्जा किया.
1911 मोरक्को संकट के दौरान फ्रांस का समर्थन करने पर जर्मनी को रूस ने चेतावनी दी.
1943 मित्र राष्ट्रों के सैनिक द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सिसलो (इटली) पहुंचे.
1953 सोवियत संघ के आंतरिक मामलों के मंत्री एल.पी.बेरिया बर्खास्त किए गए.
1964 मोइसे शोम्बे कांगो के प्रधानमंत्री बने.
1965 महिलाओं के लिए ग्वालियर में एन.सी.सी कॉलेज का उद्घाटन किया गया.
1990 मिखाइल गोर्बाच्योव कम्युनिस्ट पार्टी के नेता पुनः चुने गए.
1991 अमरीका ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को उठा लिया.
1992 हत्रा सुचोक को पोलैंड की प्रथम महिला राष्ट्रपति के रूप में संसद ने स्वीकार किया.
1992 भारतीय उपग्रह इन्सैट 2-ए का कोरू, फ्रेंच गुयाना में सफल परीक्षण.
2007 डीसीएम ग्रुप के चेयरमैन लाला भरत राम का निधन.

## शब्द पहेली - 7342



**बाएँ से दाएँ**

1.ध्वज,पताका-2
4.वहम,संदेह-2
6.दलहन-2
7.खाली,रिक्त-2
9.रसूल,अल्लाह-3
12.अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14.सिवाय,बग़ैर-3
16.इराक की राजधानी-4
17.समधी की पत्नी-4
18.पीसना,महीन करना-3
20.उष्ण,गर्म-3
22.उत्तम,विष्णु अवतार-3
24.परत,तह-2
26.खेती-2
27.अधर,होठ-2
28.ताऊ की पत्नी,बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.जल प्रपात-3
2.आईल-2
3.हूर,अप्सरा-2
5.सूक्ति,वाणी,शबद-3
6.पिता के पिता-2
8.स्टार,सितारा-2
10.रोचक,सुंदर,मनोहारी-5
11.शीतलता,मुठभेड़-2
13.सतरंगा,शंकर धनुष-5
14.सिर्फ एक,एकमात्र-3
15.हवस,कामेच्छा-3
19.लाख-2
20.जहर,विष-3
21.आनंदित,मनमौजी-2
22.मुनि,साधू-2
23.अच्छाई,सदशयता-3
25.सुरक्षा-2
26.कीड़ा,कीट-2

**शब्द पहेली -7341 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**10 जुलाई 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.54 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 08.10 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.22 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.33 बजे से |
| गुरु | मीन में | वृश्चिक | 14.48 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.09 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 20.55 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.28 बजे से |
| | | मेष | 23.59 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | वृष | 01.39 बजे से |
| | | मिथुन | 03.37 बजे से |

**रविवार** 2022 वर्ष का 191 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 14.14 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 09.55 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 00.44 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 14.14 बजे तदनन्तर बव 00.48 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871305
**जूलियन दिन** 2459770.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 10
**विशेष** देवशयनी एकादशी, विश्व जनसंख्या दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

Jagrutidaur.com, Bangalore

# खेल-समाचार

## आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के पहले ऑस्ट्रेलिया में मैंगा कैंप आयोजित करेगी बीसीसीआई

नई दिल्ली ( ईएमएस )। टीम इंडिया का शेडयूल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले काफी बहुत व्यस्त रहने वाला है। ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में होना है, जहां टीम इंडिया को सिर्फ वार्मअप मैच ही खेलने को मिलने वाले हैं, लेकिन बीसीसीआई ने मेगा इवेंट की तैयारियों के लिए जबरदस्त इंतजाम करने का फैसला किया है। भारतीय खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई एक कैंप का आयोजन करने वाली है।

ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लीग मैचों से पहले दो वार्मअप मैच टीम इंडिया को खेलने हैं, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी एक कैंप में नजर आएंगे, जो कि ऑस्ट्रेलिया में बीसीसीआई द्वारा आयोजित होगा। कैंप के जरिए भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों से रूबरू होने वाले हैं। इस तरह टीम इंडिया के लिए टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी करना आसान हो जाएगा।

देखा जाए तब टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप से पहले दर्जनों अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच खेलने हैं, लेकिन अलग-अलग देशों में खेलने का अनुभव तभी काम आएगा, जब खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में खेलने का मौका मिलेगा। इसके बाद समझा जा सकता है कि भारत के कम से कम दो दर्जन खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, जहां इंट्रा स्क्वाड मैचों का आयोजन भी हो सकता है।

## प्रणय मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारे

कुआलालंपुर ( ईएमएस )। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय की मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार लय पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से तीन गेम में मिली हार के साथ टूट गई। प्रणय ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और उन्हें फिर से सेमीफाइनल में हार मिली। वह एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में एनजी का लोंग से हार गए। 29 वर्षीय प्रणय का मैच से पहले एनजी का लोंग के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। वह पिछली तीन भिड़ंत पर हांगकांग के खिलाड़ी पर भारी पड़े थे। वह पहले गेम में अच्छी पकड़ बनाए हुए थे लेकिन फिर अपनी लेंथ से जूझने के कारण कई सहज गलतियां कर बैठे।

प्रणय ने पहले गेम में 5-3 से बढ़त से शुरुआत की। वह ब्रेक तक 4 अंक आगे थे। प्रणय ने 17-13 तक चार अंक की बढ़त बनाए रखी। हालांकि फिर बाद में 2 अंक गंवा बैठे लेकिन जल्द ही चार गेम प्वाइंट का मौका हथियाकर गेम जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय को शटल पर नियंत्रण बनाने में दिक्कत हो रही थी जिसका हांगकांग के खिलाड़ी ने फायदा उठाकर ब्रेक तक छह अंक की बढ़त बना ली। फिर भी प्रणय की गलतियां जारी रहीं और यह गेम एनजी का लोंग के नाम रहा। मैच निर्णायक गेम में पहुंचा जिसमें प्रणय शुरू में थोड़ा नियंत्रण बनाये हुए थे और 8-3 से आगे हो गए थे। लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले 9 में से 8 अंक हासिल कर ब्रेक तक 2 अंक की अहम बढ़त बनाए रखी। प्रणय ने रैलियों में तेजी लाने की कोशिश की लेकिन हांगकांग के खिलाड़ी ने 16-12 की बढ़त बनाई। प्रणय ने हालांकि इसे 16-17 कर दिया, लेकिन प्रतिद्वंद्वी ने लंबी रैली जीतने के बाद 3 मैच प्वाइंट हासिल कर मैच जीत लिया।

## स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने टेस्ट क्रिकेट में किया शानदार आगाज

कोलंबो ( ईएमएस )। बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन आगाज किया है। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को जयसूर्या ने 5 विकेट लेने का कारनामा किया। पारी में उन्होंने कुल 6 विकेट झटके. इस बीच स्टीव स्मिथ 145 रन बनाकर नाबाद रहे। वे 150 रन तक नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 110 ओवर में 364 रन बनाकर आउट हुई। स्मिथ के अलावा मार्नस लाबुशेन ने भी शतक जड़ा। स्मिथ के पास 31 पारियों में बाद 150 के स्कोर तक पहुंचने का मौका था। लेकिन उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। 2 मैचों की सीरीज में कंगारू टीम 1-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट टेबल पर भी नंबर-1 पर कायम है।

मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 5 विकेट पर 298 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्मिथ और एलेक्स कैरी ने स्कोर को 329 रन तक पहुंचाया। जिसके बाद कैरी 61 गेंद पर 28 रन बनाकर जयसूर्या का शिकार हुए। इसके बाद उतरे मिशेल स्टार्क ( 1 ), पैट कमिंस ( 5 ) और नायन लायन ( 5 ) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इस तरह से स्कोर 9 विकेट पर 345 रन हो हुआ। 9वां विकेट गिरने पर स्मिथ 133 रन बनाकर खेल रहे थे। मिशेल स्वेपसन 3 रन बनाकर अंतिम विकेट के रूप में आउट हुए। स्मिथ 262 गेंद पर 145 रन बनाकर अंत तक डटे रहे।

30 साल के प्रभात जयसूर्या का रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास में बेहतरीन है। इस कारण उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिला। वे इस मुकाबले से पहले तक 62 फर्स्ट क्लास मैच में 26 की औसत से 234 विकेट ले चुके हैं। 26 रन देकर 7 विकेट उनका बेस्ट प्रदर्शन है। 15 बार और 17 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। इसके अलावा उन्होंने 2 अर्धशतक के सहारे 826 रन भी बनाए हैं। 81 रन की सबसे बड़ी पारी खेली है। प्रभात को श्रीलंका की ओर से 2 वनडे मैच खेलने का मौका 2018 में मिला था, लेकिन वे एक भी विकेट नहीं ले सके थे। 4 साल बाद उन्हें श्रीलंका की ओर से दोबारा इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का मौका मिला है।

## हरिका और हम्पी महिला स्पीड शतरंज चैंपियनशिप 2022 के क्वाटर फाइनल में पहुंची

हैदराबाद ( ईएमएस )। शतरंज ओलंपियाड शुरू होने में सिर्फ 20 दिन शेष है, भारतीय टीम के खिलाड़ी इनदिनों अपनी तैयारियों से यह दिखा रहे है की इस बार वह पदक जीतने के लिए तैयार है। भारत की नंबर-1 और 2 महिला खिलाड़ी ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली ने फीडे महिला स्पीड शतरंज चैंपियनशिप 2022 के प्ले ऑफ के महत्वपूर्ण मुक़ाबले में क्रमशः जॉर्जिया की नाना दगनिडजे और पेरु की डेसी कोरी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है ऑनलाइन खेले जाने वाली इस आधिकारिक शतरंज चैंपियनशिप के क्वाटर फाइनल में अब हरिका को हमवतन युवा खिलाड़ी और ओलंपियाड में उनकी टीम की सदस्य आर वैशाली का सामना करना होगा,तब कोनेरु हम्पी के सामने रूस की लागनों काटेरयना होंगी। कोनेरु हम्पी और हरिका नें मुक़ाबले में होने वाले फटाफट शतरंज के तीनों सेट अपने नाम किए। हम्पी नें नाना को 14 –11 से, हरिका नें कोरी को 18.5-8.5 के अंतर से पराजित किया। अब तक भारत की तीन खिलाड़ियों सहित रूस की अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक, गुनिना वालेंटीना और लागनों काटेरयना ,चीन की तान ज़्होंगाई अपनी जगह अंतिम 8 मे बना चुकी है जबकि यूएसए की यिप करसिया और चीन की हाऊ ईफ़ान के बीच मुक़ाबले से अंतिम खिलाड़ी का नाम तय होगा।

## इंग्लैंड के विरुद्ध वन-डे श्रंखला से पहले अफ्रीकी टीम की सलामी महिला बल्लेबाज ने तीनों प्रारूप से लिया संन्यास

केप टाउन ( ईएमएस )। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट की 30 वर्षीय ओपनिंग महिला बल्लेबाज लिजेल ली ने इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने यह निर्णय तब लिया है जब प्रोटीज टीम को इंग्लैंड के खिलाफ जल्द ही तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। 30 वर्षीय महिला बल्लेबाज ने अफ्रीकी टीम के लिए अपना पहला मुकाबला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के तहत 12 सितंबर साल 2013 में बांग्लादेशी महिला टीम के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले में वह पारी की शुरुआत करते हुए 32 गेंद में दो चौके की मदद से 14 रन बनाने में कामयाब रही थीं।

लिजेल ली ने अफ्रीकी महिला टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 182 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 185 पारियों में 5253 रन निकले। लिजेल ली ने अपनी टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में दो मुकाबले खेले। इस दौरान चार पारियों में उनके बल्ले से 10.5 की औसत से 42 रन निकले। टेस्ट क्रिकेट के अलावा उन्होंने अफ्रीकी टीम के लिए वनडे में 100 मुकाबले खेले। इस दौरान उनके बल्ले से 99 पारियों में 36.4 की औसत से 3315 रन निकले। वनडे क्रिकेट में उनके नाम तीन शतक और 23 अर्द्धशतक दर्ज है।

क्रिकेट के इन दोनों प्रारूपों के अलावा उन्होंने अपनी टीम के लिए टी20 प्रारूप में भी 82 मुकाबले खेले। इस दौरान उनके बल्ले से 82 पारियों में 25.6 की औसत से 1896 रन निकले। टी20 क्रिकेट में उनके नाम एक शतक और 13 अर्धशतक दर्ज है। ली का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन 101 रन है। वहीं बात करें उनके गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में तो उन्होंने अफ्रीकी टीम के लिए वनडे क्रिकेट की छह पारियों में तीन सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने टी20 क्रिकेट की चार पारियों में गेंदबाजी की है, लेकिन इस दौरान उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

# भाजपा राष्ट्रवाद की आड में नफरत और अलगाववाद का खेल खेल रही है : कांग्रेस

अहमदाबाद (ईएमएस) देशभर में मौजूदा स्थिति को लेकर कांग्रेस ने आज कई राज्यों में पत्रकार परिषद कर भाजपा पर कड़े प्रहार किएं कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा राष्ट्रवाद की आड़ में नफरत और अलगाववाद का खेल खेल रही है, जो देश के लिए एक चिंता का विषय हैं अहमदाबाद में गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भाजपा पर कड़े प्रहार किए और कहा कि आज जिस प्रकार से एक के बाद एक घटनाओं में संलिप्त आरोपियों के भाजपा से जुड़े होने के प्रमाण मिल रहे हैं, ऐसे में बतौर विपक्ष हमारा फर्ज बनता है कि इसे देश के समक्ष पेश करें अलग अलग जगहों पर राष्ट्रद्रोही, अलगाववादी विचारधारा के लोगों के तार भाजपा से जुड़े हैं इतना ही नहीं ऐसे लोग भाजपा में बड़े बड़े पदों पर बैठे हैं, जो भाजपा के साथ ही देश के लिए भी बड़ी चिंता की बात हैं उन्होंने कहा कि भाजपा को चाहिए कि ऐसे लोग जो पार्टी के बड़े पदों पर बैठे हैं उनकी जांच के लिए एक समिति बनाएं राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठकर इस मुद्दे पर चिंतन करना चाहिएं नफरत और राष्ट्रविरोधी विचारधारा के लोग आखिर भाजपा में इतने बड़े पदों तक कैसे पहुंच गए? राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या का आरोपी मोहमद गौस भाजपा का कार्यकर्ता निकला रियाज भाजपा नेताओं की फैक्ट्री में काम करता था जम्मू के ग्रामीण इलाके से पकड़ा गया आतंकी तालिब हुसैन भी भाजपा का सदस्य निकला तालिब हुसैन की भाजपा के कई बड़े नेताओं के साथ तस्वीरें सामने आई हैं यह आतंकी अमरनाथ के यात्रियों पर हमले की योजना बना रहा था 2020 में आतंकियों को हथियार सप्लाई करने के मामले में तारिक अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया था उसके साथ आतंकियों को मदद करने वाले डीएसपी को भी गिरफ्तार किया था दीपेन्द्र हुड्डु ने कहा कि 2017 के दौरान मध्य प्रदेश भाजपा आईटी सेल के नेता भी पकड़े गए थे असम भाजपा के नेताओं के आतंकी मदद करने के आरोप में सजा तक सुनाई गई हैं ये नाम केवल पदाधिकारी तक सीमित नहीं हैं, कई लोगों तो भाजपा ने चुनाव भी लड़वाया हैं कुख्यात आतंकी मसूद अजहर के शागिर्द को भाजपा ने जम्मू के वार्ड 23 से चुनाव लड़वाया था कांग्रेस सांसद ने कहा कि भाजपा को इन मामलों पर विचार करना चाहिएं देश तलवार से नहीं टूटता बल्कि विचार से टूटता हैं नफरत की विचारधारा को राष्ट्रभक्ति की विचारधारा से पराजित किया जा सकता हैं उन्होंने कहा कि जब भाजपा अपना ही घर सुरक्षित नहीं रख पा रही है तो वह देश से आतंकियों के कैसे बाहर करेगी क्या भाजपा के ऐसा कोई वॉशिंग पाउडर है, जिससे आतंकियों के भाजपा में पदासीन होने के बाद वह आतंकी गतिविधियां छोड़ देते हों दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पंजाब, दिल्ली, हरियाणा के युवक ड्रग्स की चपेट में हैं और भारत में जो भी ड्रग्स आता है वह गुजरात के रास्ते पहुंचता हैं गुजरात के पोर्ट पर हजारों करोड़ का ड्रग्स अब तक पकड़ा जा चुका हैं एनआईए के माध्यम से जो लिंक सामने आई है, उसमें पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के नामों का खुलासा हुआ हैं

## गुजरात में कोरोना के 668 नए मरीज, 515 ठीक होकर लौटे घर, कोई मौत नहीं

अहमदाबाद (ईएमएस) शनिवार को गुजरात में कोरोन के 668 नए मरीज सामने आए, वहीं 515 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गएं शनिवार को भी राज्य में कोरोना से कोई मौत नहीं हुईं टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार का राज्यभर में 44053 कोरोना के डोज दिए गएं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में आज सबसे अधिक कोरोना के 253 नए केस अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुएं सूरत कॉर्पोरेशन में 81, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 52, भावनगर कॉर्पोरेशन में 27, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 27, गांधीनगर में 19, सूरत में 18, वलसाड में 18, मेहसाणा में 15, कच्छ में 14, भरुच में 13, नवसारी में 13, राजकोट कॉर्पोरेशन में 11, मोरबी, पाटन, वडोदरा में 9-9, बनासकांठा, भावनगर, जामनगर कॉर्पोरेशन में 8-8, देवभूमि द्वारका, राजकोट में 7-7, अमरेली, आणंद, सुरेन्द्रनगर में 6-6, अहमदाबाद, तापी में 5-5, खेडा, पोरबंदर में 4-4, अरवल्ली में 3, साबरकांठा में 2 और जामनगर में 1 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 668 नए केस पिछले 24 घंटों में दर्ज हुए हैं नए केसों के साथ राज्य में एक्टिव केसों की संख्या 4046 पर पहुंच गई है जिसमें 5 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं और अन्य 4141 स्टेबल हैं 515 लोगों को डिस्चार्ज किए जाने के साथ ही राज्य में अब तक 1222381 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं जबकि 10948 लोगों को कोरोना अब तक निगल चुका हैं दूसरी ओर टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को 18 वर्ष से अधिक आयु के 577 को पहला और 6145 लोगों को दूसरा डोज दिया गया 15 से 17 वर्षीय 976 लोगों को पहला और 2146 को कोरोना का दूसरा टीका लगाया गया 27271 नागरिकों को प्रीकॉशन डोज दिया गया जबकि 12 से 14 वर्षीय 3946 किशोरों को पहली और 2992 को कोविड की दूसरी वैक्सीन दी गईं राज्य में अब तक 11 करोड़ 18 लाख 83 हजार 207 डोज दिए जा चुके हैं

### २५ हजार से ज्यादा लोगों को

# डेढ़ साल से नहीं मिल रहा पक्का लाइसेंस

## राज्य में ३६ आरटीओ और एआरटीओ में १.५८ लाख लाइसेंस डिस्पेच करना बाकी है

अहमदाबाद, ९ जुलाई।

लर्निंग लाइसेंस के छह महीने की अवधि के दौरान आवेदक वाहन का दो से तीन बार ड्राइविंग टेस्ट देते हैं। यदि वे असफल होते हैं, तो फिर से ड्राइविंग टेस्ट देते हैं ताकि भारी जुर्माना से बचा जा सके। अभी राज्य में ३६ आरटीओ और एआरटीओ में १.५८ लाख लाइसेंस डिस्पेच करना बाकी है। जिसकी वजह से २५ हजार से ज्यादा अहमदाबादियों को पिछले डेढ़ साल से लाइसेंस नहीं मिल रहा हैं। राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्था के चलते पक्के लाइसेंस, आधारकार्ड आधारित नवीनीकरण, डुप्लीकेट और नाम और पता परिवर्तन की आवश्यकता जैसी चीजों को करवाने के लिए आरटीओ ऑफिस आने की जरूरत नहीं होती है। ऐसे आवेदक आरटीओ में ऑनलाइन आवेदन करते हैं। लेकिन आवेदन करने के बाद आवेदकों को कम से कम एक से चार महीने तक पक्का लाइसेंस नहीं मिलता है। लाइसेंस देने वाली कंपनी के पिछले डेढ़ साल से खराब प्रदर्शन से आवेदक परेशान हैं। राज्य आरटीओ के पास बिना प्रेषण के १,५७,६५० पक्के लाइसेंस लंबित हैं। नतीजतन लोगों को ट्रैफिक पुलिस के उत्पीड़न से लेकर हादसों में वाहन बीमा का इस्तेमाल करने तक कई समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि देश में नया ट्रैफिक कानून लागू होने के बाद लोग भारी जुर्माना से बचने के लिए लाइसेंस और गाड़ी के कागजात बनवाने से पीछे नहीं हट रहे। ऐसे में सबसे भारी जुर्माना बिना लाइसेंस गाड़ी चलाना है इसलिए जो लोग बिना लाइसेंस अभी तक गाड़ी चला रहे थे वह अपना लाइसेंस बनवा रहे है जिसकी वजह से अब पिछले एक महीने से आरटीओ ऑफिस में लोगों की भीड़ देखने को मिलती है। अब लेकिन लोग अब जिस परेशानी का शिकार हो रहे हैं उससे उनको निजात कब मिलेगा।

## गणेशोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री बड़ा फैसला, गणेश प्रतिमा की ऊंचाई संबंधी प्रतिबंध हटाए

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में लोगों द्वारा श्रद्धा-उल्लासपूर्वक मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय किया है। राज्य में सार्वजनिक गणेश मंडलों द्वारा बड़ी संख्या में सार्वजनिक गणेश स्थापना की जाती है और अनेक लोग-परिवार घरों में भी व्यक्तिगत रूप से गणेश स्थापना करते हैं। वर्ष 2021 में गणेशोत्सव के दौरान कोविड 19 की स्थिति को ध्यान में रख कर सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं की ऊँचाई की अधिकतम् सीमा 4 फ़ीट तथा घरों में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं की ऊँचाई की अधिकतम् सीमा 2 फ़ीट निर्धारित की गई थी। अब चूँकि कोविड 19 सम्बंधित तमाम नियंत्रण 31 मार्च, 2022 के बाद लागू नहीं हैं। इसलिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने निर्णय किया है कि गुजरात में अब गणेश चतुर्थी के आगामी उत्सव के दौरान सार्वजनिक स्थलों या घरों में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं की ऊँचाई की कोई अधिकतम् सीमा लागू नहीं रहेगी। यद्यपि गणेशजी की मूर्ति बनाने तथा उसके विसर्जन से संबंधी केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लागू किए गए मार्गदर्शक सुझावों का क्रियान्वयन बनाए रखा गया है।

## युवक ने 14 वर्षीय किशोरी की अपहरण कर 11 दिनों तक उसका यौन शोषण किया

अहमदाबाद (ईएमएस) शहर के चांदखेडा क्षेत्र की एक 14 वर्षीय किशोरी से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर मेहसाणा के युवक ने उसका अपहरण कर लियां जिसके बाद 11 दिनों तक किशोरी को अलग अलग जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कियां फिलहाल पुलिस ने किशोरी को युवक के चंगुल से मुक्त करा लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक मेहसाणा का मूल निवासी 18 वर्षीय भरत ठाकोर नामक युवक छुटपुट मजदूरी करता हैं भरत ठाकोर ने अहमदाबाद के चांदखेडा क्षेत्र में रहनेवाली एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती बनाई और उससे मीठी मीठी बातें करने लगां भरत ने किशोरी को शादी करने की लालच दी और मौका मिलते ही उसे लेकर फरार हो गयां अहमदाबाद से किशोरी को लेकर फरार भरत उसे मेहसाणा और पाटन के अलग अलग गांवों में ले गयां जहां एकांत में भरत ने किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म कियां यह सिलसिला 11 दिनों तक चलां दूसरी ओर बेटी के लापता होने पर माता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही पुलिस ने भरत को गिरफ्तार कर लिया और उसके चंगुल से किशोरी को मुक्त करायां पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि भरत अडालज के निकट से एक कार में किशोरी को लेकर फरार हुआ थां पुलिस अब इस दिशा में जांच कर रही है कि भरत की किसी ने मदद की थी और इस मामले में अन्य कोई भी शामिल है।

## कांग्रेस मुक्त हुई दीव नगर पालिका, सभी 13 वार्ड में भाजपा की शानदार जीत

अहमदाबाद (ईएमएस) अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रही कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले गिर सोमनाथ से सटी दीव नगर पालिका के चुनाव में कांग्रेस क सूपड़ा साफ हो गया हैं दीव नगर पालिका पर 15 साल बाद भाजपा ने भगवा लहरा दिया हैं नगर पालिका के सभी 13 वार्ड में भाजपा ने शानदार जीत की हैं भाजपा की जीत से दीव नगर पालिका कांग्रेस मुक्त हो गई हैं दीव नगर पालिका के 6 वार्ड भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी थीं आज घोषित नतीजों में अन्य 7 वार्ड में भी भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया हैं 15 सालों से दीव नगर पालिका में सत्तारूढ़ कांग्रेस की सभी वार्ड में करारी शिकस्त मिली हैं

### आज चुनाव आयोग द्वारा आयोजित किया जाएगा विशेष शिविर

# मतदाता सूची में स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर लिंक किया जा सकेगा

अहमदाबाद, ९ जुलाई।

इस वर्ष गुजरात में विधानसभा चुनाव होना है और चुनाव आयोग ने कई तैयारियां शुरू कर दी है। मतदाता सूची में कई बार गलती सामने आती है, लेकिन ऐसा नहीं हो इसके लिए आयोग बहुत ही जल्दी एक अभियान शुरू करना है, जिसमें वर्तमान मतदाता अपने आधार नंबर को मतदाता सूची में स्वैच्छिक रूप से लिंक किया जा सकेगा। दर्ज हुए मतदाता या नए दर्ज हुए मतदाता अपना आधार नंबर शामिल कर सके इसके लिए धारा २३ में सुधार किया गया है। मतदाता रजिस्ट्रेशन नियम के अनुसार, १९८० धारा २६ (बी) के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जिनका मतदाता सूची में नाम है, यह धारा २३ (५) के प्रावधान के अनुसार नया दाखिल हुआ फॉर्म ०६ (बी) भरकर अपने मतदाता पहचानपत्र के साथ आधार नंबर लिंक किया जा सकेगा। मतदाता पहचानपत्र के साथ आधार नंबर लिक कराना अनिवार्य नहीं है। नंबर लिंक कराने का निर्णय मतदाता स्वैच्छिक रूप से लेंगे यह चुनाव आयोग ने बताया है। इसके अलावा लिंक नहीं कराने वाले कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में से नहीं हटाया जाएगा यह स्पष्टता भी की गई है। हाल में ही, अहमदाबाद, वडोदरा और राजकोट में मतदाता रजिस्ट्रेशन के अधिकारी, उप चुनाव अधिकारियों और सिस्टम सुपरवाइजर की तालीम मामले में एडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर आरके. पटेल द्वारा दर्ज किए गए मतदाताओं के आधार नंबर लिंक करने के लिए नये दाखिल किए गए फॉर्म ६ (बी) मामले में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया था। १७ जून, २०२२ के आध्यादेश में बताये अनुसार आगामी पहली अप्रैल, २०२३ तक मतदाता के तौर पर दर्ज की गई प्रत्येक व्यक्ति अपने आधार नंबर की जानकारी दे सकेगा। इसके लिए अभियान अगस्त, २०२२ से शुरू किया जाएगा। जिसका नाम मतदाता सूची में है, ऐसे मतदाताओं को आधार नंबर को लिंक कराने के लिए फॉर्म ०६ (बी) भरना होगा, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट ख्ख्ख्द्गष्द्ब.द्दश्ठ.द्बठ्ठ पर से मिलेगा। फॉर्म भरते समय आधार कार्ड के साथ लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। यदि किसी वजह से फॉर्म सबमिट नहीं हुआ तो मतदाता जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करा सकता है।

# आज से 13 जुलाई तक सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में होगी भारी से अतिभारी बारिश

अहमदाबाद (ईएमएस) मौसम विभाग ने दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में भारी से अतिभारी बारिश की संभावना व्यक्त की हैं कल यानी 10 जुलाई से 13 जुलाई के दौरान दक्षिण गुजरत के सूरत, डांग, वलसाड, नवसारी, दमन और दादरानगर हवेली में भारी बारिश होगीं सौराष्ट्र के पोरबंदर, जूनागढ़, अमरेली, गिर सोमनाथ और दीव भारी बारिश की संभवना हैं जिसे देखते हुए जिलेवार रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं भारी से अतिभारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने का आदेश दिया गया हैं मौसम विभाग के मुताबिक 10 जुलाई को सूरत, वलसाड, नवसारी, डांग, तापी, दमन, दादरानगर हवेली, जूनागढ़ और गिर सोमनाथ में भारी से अतिभारी बारिश होगीं जबकि आणंद, वडोदरा, छोटाउदेपुर, नर्मदा, भरुच, जामनगर, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका, कच्छ और दीव में भारी बारिश हो सकती हैं सोमवार को नवसारी, वलसाड, दमन, दादरानगर हवेली, आणंद, भरुच, सूरत, डांग, तापी, भावनगर और गिर सोमनाथ में अतिभारी बारिश होने की मौसम विभाग ने संभावना व्यक्त की हैं जबकि अहमदाबाद, वडोदरा, नर्मदा, अमरेली, जूनागढ़ और दीव में भारी बारिश होगीं मंगलवार को नवसारी, वलसाड, दमन, जूनगढ़, भरुच, डांग, तापी और गिर सोमनाथ में भारी से अतिभारी तथा अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, नर्मदा, सुरेन्द्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका में भारी बारिश की संभावना हैं इस बीच शनिवार को राज्य के कई हिस्सों में मूशलाधार बारिश का दौर जारी रहां कच्छ में जगह जगह भारी से अतिभारी बारिश ने जनजीवन तहस नहस कर दियां मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया हैं कच्छ जिले के मांडवी में मूशलाधार बारिश से जानमाल के नुकसान की खबर हैं घटना के बाद एनडीआरएफ की टीम लोगों की मदद के लिए पहुंच गई हैं भारी बारिश के बीच बिजली का करंट लगने से नगर पालिका के कर्मचारी की मौत हो गई हैं जानकारी है कि 35 वर्षीय प्रेमजी महेश्वरी मांडवी के आंबावाडी क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से पानी में डूब गए थे और बाद में उनकी मौत हो गईं घटनास्थल पर पहुंची एनडीआरएफ के जवानों में मृतक प्रेमजी महेश्वरी का शव पानी से बाहर निकालां कच्छ के लखपत में भारी बारिश के चलते दो डैम ऑवरफ्लो होने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं लोगों का मानना है कि दो डैम के ऑवरफ्लो होने से पूरे वर्ष के दौरान सिंचाई और पेयजल की कोई समस्या नहीं होगीं दूसरी और अतिभारी बारिश के बीच बालासर गांव के निकट पुल टूटने से पांच गांवों का संपर्क टूट गया हैं घटना के वक्त पुल पर से एक ट्रेलर गुजर रहा था, जो पलटी खा गयां

### सूरत के ८५ भक्त सुरक्षित

# अमरनाथ में जामनगर के २० भक्त फंस गये

जामनगर, ९ जुलाई।

अमरनाथ गुफा निकट बादल फटने की घटना में अभी तक में १५ लोगों की मौत हुई है। अब इस यात्रा में जामनगर के यात्री भी फंसे होने का समाचार सामने आया है।

भगवान अमरनाथ की यात्रा में सैंकडों गुजराती भक्त शुक्रवार को सुबह में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए निकले थे। लेकिन रास्ते में बादल फटने पर सभी यात्रियों को संगम घाटी के पास रोक दिया गया। जिसकी वजह से यात्रियों को बीच में ही रात में ठहरना अनिवार्य हो गया। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार अमरनाथ यात्रा में बादल फटने की घटना में जामनगर के २० यात्री फंसे होने की जानकारी मिली है। लेकिन फिलहाल वह सही सुरक्षित है। जामनगर के अलावा द्वारिका जिले के यात्री भी शामिल है। जिनको हाल संगम घाटी के पास ही रोक दिया गया था और स्थिति स्पष्ट नहीं हो तब तक यहां से आगे नहीं बढ़ने दिया जाता था। इसी वजह से रात्री विश्राम संगम तीर्थ में ही किया गया है। सूरत जिले के लिए भी राहत के समाचार मिल रहे है। सूरत जिले से अमरनाथ यात्रा पर गये भक्त भी सही सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। ८५ लोग अलग अलग क्षेत्र से यात्रा पर गये थे। जिसमें शहर और जिले से कुल ४ जितने बस श्रीनगर पहुंची थी। लेकिन गत दिन बादल फटने की घटना के बाद अमरनाथ गये लोगों के परिजन चिंतित हो गये थे। जामनगर से अमरनाथ यात्रा पर गये परेश आशावर भोयराज ने बताया है कि, फिलहाल मैं अमरनाथ यात्रा चलकर गया हूं। जो मैंने आज दोपहर में १२ बजे अमरनाथ बाबा के शांति से दर्शन कर लिया है और दर्शन करके मैं नीचे उतर गया हूं।

हाल बालताल में विश्राम आराम कर रहा हूं। आज अमरनाथ यात्रा गुफा के बगल में ५ बजे बादल फट गया है। वहां बहुत नुकसान हुआ है। लेकिन मैं सुरक्षित हूं बाबा अमरनाथ के आर्शीवाद तथा आप सभी की दुआ से मुझे किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई है। अमरनाथ गुफा के निकट बादल फटने की घटना में अभी तक में १६ लोगों की मौत हुई है। जबकि ४० से ज्यादा यात्री लापता है जिसे ढूंढ़ने के लिए रेस्क्यू का काम तेजी से चल रहा है।

### अहमदाबाद कॉर्पोरेशन की पोल खुल गई

# अहमदाबाद में हुई भारी बारिश की वजह से गड्ढे पड़ गये

अहमदाबाद, ९ जुलाई।

भारी बारिश की वजह से अहमदाबाद के सभी रास्ते धुल जाने पर अहमदाबाद कॉर्पोरेशन की पोल खुल गई है। अहमदाबाद में हुई भारी बारिश की वजह से गड्ढे पड़ गये है, जिसकी वजह से कई दुर्घटनाएं हो रही है। फिर भी प्रशासन निष्क्रिय दिखाई दिया। बारिश के बाद जगह-जगह रास्ते पर गड्डे हो जाने पर वाहन चालकों और नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अहमदाबाद में जहां देखों वहां रास्ते डिस्को बनने पर चालकों की हालत बदतर हो गई है। अब कॉर्पोरेशन अभी भी शहर में गड्ढे को भरने की बात कर रहा है। अब सवाल यह है कि यह लापरवाही की जिम्मेदारी कब कबूल करेंगे। यह सरकार ने जैसे नागरिकों की चिंता व्यक्त करके ट्रैफिक के जुर्माने में वृद्धि की है। वैसे कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को कब उनकी लापरवारही करने पर दंड मिलेगा। भारी बारिश की वजह से स्मार्टसिटी अहमदाबाद गड्डावाद बन गया है। शुक्रवार को हुई भारी बारिश की वजह से इस्कोन ब्रिज, मणिनगर, राणिप और वाडज में रोड धंस जाने की कई घटनाएं हुई हैं। वैसे जगह जगह पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। अहमदाबाद में बारिश के २४ घंटे बाद भी अभी तक लोगों को कई परेशानी हो रही है। अहमदाबाद में स्थित जीएसटी रेलवे क्रॉसिंग के पास अभी तक बारिश का पानी नहीं गया है। बारिश का पानी भर जाने की वजह से लोगों को सुबह में नौकरी-धंधे में जाते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले २ वर्ष से सुरंग का काम बंद होने से मुश्किल हो रही है। रेलवे की पटरी पर चलकर जाने के लिए लोग मजबूर हो गये है। अहमदाबाद के नये वाडज के कीटली सर्कल के पास पहले ही बारिश में रोड धंस गया है। रोड धंस जाने की वजह से कई वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना का सामना करना पड़ रहा है।

## 24 घंटों में राज्य की 215 तहसीलों में बारिश

अहमदाबाद (ईएमएस) मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में 12 जुलाई तक बारिश से राहत की कोई गुंजाईश नहीं हैं वहीं मौसम के जानकार अंबालाल पटेल की माने तो आगामी 15 जुलाई तक भारी से अतिभारी बारिश हो सकती हैं खासकर सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में भारी से अतिभारी बारिश हो सकती हैं बीते 24 घंटों के दौरान राज्य की 215 तहसीलों में बारिश हुई हैं जिसमें 28 से अधिक तहसीलों में 4 ईंच से भी ज्यादा बारिश हुई हैं 59 तहसीलों में दो ईंच से ज्यादा और 106 तहसीलों में एक ईंच से भी अधिक बारिश दर्ज हुई हैं शुक्रवार को मौसम विभाग ने सौराष्ट्र के जामनगर, जूनागढ़, देवभूमि द्वारका और कच्छ में अतिभारी बारिश की संभावना जताई थीं 9 और 10 को भी बारिश होगी, लेकिन अतिभारी बारिश 11 और 12 जुलाई को हो सकती हैं दक्षिण गुजरात के कई हिस्सों में अतिभारी बारिश की संभावना हैं मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाडी में लो प्रेशर बनने से गुजरात में अच्छी बारिश हो रही है और आगामी समय में अतिभारी बारिश की संभावना हैं दूसरी ओर मौसम के जानकार अंबालाल पटेल के मुताबिक 10 से 15 जुलाई के दौरान भारी से अतिभारी बारिश होगीं बंगाल के उपसागर में विशिष्ट स्थिति की वजह से अतिभारी बारिश होगीं इसके अंतर्गत वलसाड, नवसारी, गिर सोमनाथ, भावनगर जैसे शहरों में भारी बारिश होगीं अतिभारी बारिश के चलते नदियां उफान पर होंगीं बनासकांठा, मेहसाणा, कडी, बेचराजी, सिद्धपुर, विसनगर और पाटन इत्यादि में हलके से मध्यम बारिश होगीं वहीं सुरेन्द्रनगर के वढवाणा, ध्रांगध्रा, पाटडी, दसाडा में भी अच्छी बारिश होगीं जिन इलाकों में बुवाई योग्य बारिश नहीं हुई है, वहां भी आगामी दिनों में व्यापक बारिश की संभावना हैं पिछले 24 घंटों में राज्य के 33 जिलों की 215 तहसीलों मे बारिश हुई हैं जिसमें सबसे अधिक 276 मिमी यानी 11 ईंच बारिश कच्छ जिले की लखपत तहसील में दर्ज हुई हैं राज्य में अब तक मौसम की 27 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी हैं राज्य में अब तक 12 तहसीलों में 50 मिमी, 69 तहसीलों में 51 से 125 मिमी, 88 तहसीलों में 126 से 250 मिमी, 55 तहसीलों में 251 से 500 मिमी, 27 तहसीलों में 501 से 1000 मिमी मौसम की बारिश दर्ज हो चुकी हैं कुल मिलाकर राज्य में अब तक 235.44 मिमी यानी 27.69 प्रतिशत बारिश हो चुकी हैं

### भारत के सीमाभंजक नवोन्मेषकों का आह्वान!

## मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा सबसे प्रतिष्ठित इनोवेशन फॉर इंडिया अवाड्र्सठ के 9 वें संस्करण के लिए आवेदन की घोषणा

। व्यापार और सामाजिक श्रेणियों में आवेदक आमंत्रित हैं।

मुंबई, 5 जुलाई 2022: गेम चेंजिंग इनोवेशन को पहचानने में अग्रणी मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) ने आज अपने प्रमुख पुरस्कार मंच - इनोवेशन फॉर इंडिया अवाड्र्स 2023 - के 9वें संस्करण की घोषणा की। मुंबई में फरवरी 2023 में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह के साथ, मंच अब आवेदन प्राप्त करने के लिए खुला है। आगामी बड़े नवाचारों का पता लगाने और पहचानने के लिए अपनी रुचि के लिए जाना जाता है, यह मंच राष्ट्रव्यापी नवोन्मेषकों को सबसे व्यापक रूप से मान्यता-प्राप्त नवाचार पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के अवसर में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।

इस वर्ष के संस्करण में, मंच दो व्यापक श्रेणियों में नवाचारों को पहचानेगाः

☐ व्यापारः स्टार्ट-अप और कॉर्पोरेट नवोन्मेषकों सहित भारत-आधारित ठलाभ के लिएठ संगठन,

☐ सामाजिकः भारत-आधारित ठगैर-लाभकारीठ व्यक्ति या संगठन जिसमें सरकारी संस्थाएं, परोपकारी निकाय, धर्मार्थ ट्रस्ट, बहुपक्षीय एजेंसियां, सामुदायिक फाउंडेशंस, गैर-सरकारी संगठन और सीएसआर / कॉर्पोरेट फंड्स शामिल हैं।

इस वर्ष के संस्करण में विजेताओं के प्रतिष्ठित समूह के बीच एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी नवप्रवर्तनकों के लिए आवेदन विंडो हमारी वेबसाइट के माध्यम से 4 जुलाई से 31 जुलाई, 2022 तक खुली रहेगी।

आवेदन-पत्र, दिशा-निर्देश और मापदंडों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप आवेदन-पत्र देख सकते हैं।

## अहमदाबाद-आगरा कैंट और अहमदाबाद-ग्वालियर एक्सप्रेस साबरमती से रवाना होगी

अहमदबाद (ईएमएस) 11 जुलाई 2022 से ट्रेन संख्या 12548 अहमदाबाद-आगरा कैंट एक्सप्रेस एवं 12 जुलाई 2022 से ट्रेन संख्या 22548 अहमदाबाद-ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेन साबरमती स्टेशन (धर्मनगर) से 16:50 बजे रवाना होगी। जिन यात्रियों का बोर्डिंग स्टेशन अहमदाबाद है तकनीकी कारणों से गाड़ी का चार्ट बनने के बाद उनका बोर्डिंग स्टेशन महेसाणा प्रदर्शित होगा। यात्रियों से अनुरोध है कि जिन यात्रियों का बोर्डिंग स्टेशन अहमदाबाद है वो साबरमती स्टेशन से अपने निर्धारित कोच एवं सीट पर यात्रा कर सकते हैं। बोर्डिंग स्टेशन महेसाणा के मेसेज को इग्नोर करें। यात्रीगण साबरमती स्टेशन पर टिकट चेकिंग स्टाफ की सहायता ले सकते हैं।

## फायर स्टेशन के ऑफीसर के खिलाफ युवती ने दर्ज कराई दुष्कर्म की शिकायत

वडोदरा (ईएमएस) शहर के मकरपुरा जीआईडीसी फायर स्टेशन के अधिकारी के खिलाफ एक युवती ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। युवती का आरोप है कि अधिकारी विवाहित होने के बावजूद युवतियों को फांसकर उनके साथ दुष्कर्म करता था। युवती की शिकायत के आधार पर मांजलपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक अहमदबाद की डिवॉर्सी युवती का अपनी बहन के जरिए मकरपुरा जीआईडीसी फायर स्टेशन के अधिकारी निकुंज आजाद से संपर्क हुआ था। निकुंज ने खुद का फायर अधिकारी के तौर पर परिचय दिया और कहा कि वह अपनी पत्नी से डिवॉर्स ले चुका है जिसके बाद निकुंज ने युवती को बहल-फुसला कर अपने प्रेमजाल में फांस लिया निकुंज ने युवती को वडोदरा बुलाया और शादी की लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म कियां वडोदरा के सरकारी क्वार्टर में निकुंज ने कई बार युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया इतना ही नहीं युवती को निकुंज गोवा और अहमदाबाद की होटलों में भी ले गया और दुष्कर्म के साथ ही उसका अप्राकृतिक यौन शोषण भी किया युवती ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि अहमदाबाद से उसका सामान वडोदर शिफ्ट करने के लिए निकुंज ने फायर ब्रिगेड की एम्ब्युलैंस का दुरुपयोग किया था निकुंज ने उसे रहने के लिए वडोदरा में एक घर भी उपलब्ध कराया थ इतना ही नहीं उसकी जासूसी करने के लिए निकुंज ने कैमरे भी लगवाए थें युवती का आरोप है कि निकुंज की पत्नी होने के बावजूद उसने नए घर में फूलमाल पहनाकर दूसरी शादी की और बाद में न सिर्फ जबरन शारीरिक संबंध बनाए बल्कि उसका वीडियो भी बना लिया। युवती के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौन शोषण के दौरान निकुंज पोर्न वीडियो देखता था। युवती की शिकयत के आधार पर वडोदरा के मांजलपुर पुलिस ने निकुंज आजाद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एचसीजी अस्पताल, अहमदाबाद ने मिनिमली इनवेसिव (इनवेसिव) तकनीक का उपयोग करते हुए भारत की पहली ट्रिपल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी की

अहमदाबाद, 7 जुलाई, 2022: भारत में अपने पहले मामले में, एचसीजी हॉस्पिटल्स के डॉक्टरों ने न्यूनतम इनवेसिव तकनीकों का उपयोग करके जटिल ट्रिपल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। .विशेषज्ञों ने माइट्रल, महाधमनी वाल्व और हृदय ट्राइकसपिड वाल्व रोग के गंभीर संकुचन से पीड़ित 61 वर्षीय महिला रोगी के दिल के तीन वाल्वों को एक यांत्रिक वाल्व से बदल दिया। यह उपलब्धि डॉ. ब्रजमोहन सिंह, डॉ. जय शाह और एचसीजी अस्पतालों के डॉक्टरों की एक टीम।




रोगी श्रीमती ललिताबेन पटेल सांस की तकलीफ (सांस लेने में कठिनाई या कठिनाई) के साथ थकान और धड़कन के साथ अस्पताल पहुंचीं। अपने पिछले इतिहास की जाँच करने पर, यह पाया गया कि ललिताबेन को अतीत में कभी भी दिल से संबंधित कोई समस्या या सर्जरी नहीं हुई है। 2 डाइकोकार्डियोग्राफी करते समय, 2D ने गंभीर माइट्रल स्टेनोसिस (माइट्रल वाल्व का संकुचित होना), गंभीर महाधमनी स्टेनोसिस (वाल्व का संकुचन), गंभीर ट्राइकसपिड के साथ **regurgitation,** और गंभीर ट्राइकसपिड और संवहनी रोग दिखाया।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95